# आनंदालय

## सामयिक परीक्षा-1

## कक्षा : छठी

विद्या सवर्थि साधिका

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40 |
| दिनांक : 14-07-2025 | निर्धारित समय:1घंटा 30 मिनट |

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभक्त है :'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल सात प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

**खंड- 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

समय बहुत मूल्यवान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकेंड के सौवें हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई परीक्षा केन्द्रों में देरी से आने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इसकी कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(i) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा ?

(क) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया (ख) जिसने समय की कद्र की (1)

(ग) जिसने मीठी बाणी बोली (घ) जिसने समय को बर्बाद किया

(ii) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है?

(क) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गवाँ दिया हो

(ख) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई (1)

(ग) मेधावी छात्र

(घ) समय की क़द्र करने वाला

(iii) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है ?

(क) वे स्वस्थ हो जाते हैं । (ख) वे मेधावी बन जाते हैं। (1)

(ग) वे लोकप्रिय हो जाते हैं । (घ) वे सभी विषयों में सौ प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं ।

(iv) "समय का हर पल कीमती होता है।" इस कथन को उदाहरण सहित समझाइए | (2)

(v) समय का प्रबंधन कैसे करें ? अपने शब्दों में लिखिए | (2)

## खंड- 'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए | (7x1=7)

(i) गंगा , चाँद , ज़ख्मी (अनुस्वार युक्त शब्द छाँटकर लिखिए)

(ii) गाँव , फंदा , फ़सल (अनुनासिक युक्त शब्द छाँटकर लिखिए)

(iii) पढ़ना , सब्ज़ी , संगम (नुक्ता युक्त शब्द छाँटकर लिखिए )

(iv) आयात (विलोम शब्द लिखिए )

(v) कथनीय (वर्ण विच्छेद कीजिए )

(vi) बचपन (संज्ञा का भेद लिखिए)

(vii) रामावतार (संधि के भेद बताइए )

## खंड- 'ग'

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (4x1=4)

माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता था। भगवत भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर था, बड़ा बलवान उसके जोड़ का घोड़ा सारे इलाके में न था। बाबा भारती उसे सुल्तान कह कर पुकारते, अपने हाथ से खरहरा करते, खुद दाना खिलाते और देख-देखकर प्रसन्न होते थे। उन्होंने रुपया, माल असबाब, ज़मीन आदि अपना सब कुछ छोड़ दिया था, यहाँ तक कि उन्हें नगर के जीवन से भी घृणा थी। अब गाँव से बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते और भगवान का भजन करते थे । "मैं सुल्तान के बिना नहीं रह सकूँगा", उन्हें ऐसी भ्रांति - सी हो गई थी। वे उसकी चाल पर लट्टू थे। कहते, "ऐसे चलता है जैसे मोर घटा को देखकर नाच रहा हो।" जब तक संध्या समय सुल्तान पर चढ़कर आठ-दस मील का चक्कर न लगा लेते, उन्हें चैन न आता ।

(i) बाबा भारती को किससे घृणा थी ?

(क) खड्गसिंह से (ख) नगरीय जीवन से (ग) ग्रामीण जीवन से (घ) गरीबों से

(ii) 'मैं सुल्तान के बिना न रह सकूँगा' यह कथन किसके द्वारा कहा गया है ?

(क) दुर्गादत्त (ख) खड्गसिंह (ग) बाबा भारती (घ) उपर्यक्त सभी

(iii) सुल्तान की चाल की तुलना किससे की गयी है ?

(क) बलवान से (ख) मोर से (ग) किसान से (घ) घटा से

(iv) 'बाबा भारती सुल्तान की चाल पर लट्टू थे' - वाक्य में 'लट्टू' का क्या अर्थ है ?

(क) नाचना (ख) मोहित होना (ग) दुखी होना (घ) क्रोधित होना

4. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (3x1=3)

झरने अनेक झरते ,जिसकी पहाड़ियों में,
चिड़ियाँ चहक रही हैं,हो मस्त झाड़ियों में।

अमराइयाँ घनी हैं,कोयल पुकारती है,
बहती मलय पवन है,तन-मन सँवारती है।

वह धर्मभूमि मेरी,वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी,वह मातृभूमि मेरी।

(i) चिड़ियाँ मधुरगान कहाँ करती हैं?

(क) शाखाओं पर (ख) आकाश की ऊँचाईयों में
(ग) नदियों के किनारों पर (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(ii) अपने मधुर स्वर में कौन पुकारती है ?

(क) मलय पवन (ख) झरना (ग) कोयल (घ) पहाड़ियाँ

(iii) कल-कल स्वर में बहते झरनों का उद्गम स्थान क्या है?

(क) नदियाँ (ख) सागर (ग) पर्वत (घ) धरती से प्रस्फुटित होकर

5. निम्नलिखित चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | (3x3=9)

(i) 'यह युद्ध भूमि मेरी यह बुद्धभूमि मेरी' कवि ने भारत की भूमि को युद्धभूमि और बुद्धभूमि क्यों कहा है? अपने शब्दों में लिखिए |

(ii) हार की जीत' कहानी मानवीयता की जीत की कहानी है| कैसे ? अपने शब्दों में लिखिए |

(iii) रामप्रसाद 'बिस्मिल' अपने जीवन के अंतिम समय में अपनी माँ का स्मरण कर भावुक क्यों हो उठते हैं - अपने विचार प्रकट कीजिए ।

(iv) "अब कोई गरीबों की सहायता से मुँह न मोड़ेगा।" ये शब्द किसने किससे और क्यों कहे ?

## खंड- 'घ'

6. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों में अनुच्छेद लेखन/आत्मकथा लेखन कीजिए | (5)

(क) कुर्सी की आत्मकथा

संकेत बिंदु-

- कुर्सियों से सम्मान
- आरामदायक बैठने का स्थान
- कुर्सियों का दर्द
- उपसंहार

(ख) पेड़ की आत्मकथा

संकेत बिंदु-

- हवा का शुद्धिकरण
- प्राणवायु प्रदान करना
- पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा
- निष्कर्ष

(ग) प्रदूषण

संकेत बिंदु-

- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण रोकने के उपाय
- उपसंहार

7. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर 50 से 60 शब्दों में चित्र का वर्णन कीजिए | (5)

